# मौत का 'यमराज निगम': सीवर सफाई बनी मजदूरों की कब्रगाह, कांग्रेस ने 50 लाख मुआवजे की मांग की

**सतना। नगर निगम की घोर लापरवाही और ठेकेदार की अमानवीयता ने एक बार फिर एक गरीब मजदूर की जान ले ली। रीवा रोड स्थित टोयोटा शोरूम त्रिवेणी पैलेस,कृपालपुर के सामने,सीवर लाइन की सफाई के दौरान एक बड़ा और दर्दनाक हादसा हुआ है। बिना किसी सुरक्षा उपकरण,बिना ऑक्सीजन मास्क के मौत के कुएं में उतारे गए तीन मजदूरों में से एक की जहरीली गैस के कारण दम घुटने से मौत हो गई।यह दुर्घटना नहीं,बल्कि नगर निगम प्रशासन और ठेकेदार की घोर उपेक्षा के चलते हुई हत्या है।**









### सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर मौत के मुंह में धकेला

जानकारी के अनुसार,सीवर की सफाई का काम ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा था। ठेकेदार ने मुनाफ़े की लालच में मजदूरों की जान को कौड़ियों के भाव समझा। न कोई सुरक्षा उपकरण,न ऑक्सीजन मास्क,बस मजदूरों को सीधे सीवर चेंबर में धकेल दिया गया। अंदर मौजूद जहरीली गैस ने अपना काम किया और तीन मजदूर अचेत हो गए। मृतक मजदूर की पहचान अमित कुमार कुशवाहा के रूप में हुई है,जिसकी मौके पर ही दम घुटने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों की त्वरित मदद से,रस्सी और बाद में ठेकेदार सौरभ सिंह द्वारा ऑक्सीजन सिलेंडर की मदद से बाकी मजदूरों को बाहर निकाला गया। दो अन्य मजदूरों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया,जहां उनका इलाज जारी था, हालांकि एक खबर यह भी कहती है कि एक की मौत होते ही दो घायल मजदूर कथित तौर पर गायब हो गए और उनका मेडिकल परीक्षण भी नहीं कराया गया।यह स्थिति ठेकेदार और प्रशासन की मिली भगत पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

### कांग्रेस का कड़ा रुखः नगर निगम 'यमराज निगम'

इस हृदयविदारक घटना ने इलाके में और सीवर सफाई कर्मियों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है,क्योंकि यह लगातार दूसरी घटना है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम राहुल सिलाडिया जिला अस्पताल पहुंचे। अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कांग्रेस ने कड़ा रुख अपनाया है। कांग्रेस पार्षद और नेता मुख्तार अहमद सिद्दीकी ने मर्चुरी पहुंचकर नगर निगम पर भड़कते हुए उसे 'यमराज निगम' करार दिया। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि ठेकेदार और प्रशासन की घोर लापरवाही का यह नतीजा है। उनका आरोप है कि पहले भी कई वार्डों में लापरवाही के कारण मजदूरों की जान जा चुकी है,फिर भी निगम प्रशासन सचेत नहीं हुआ।

### मुआवजा और हत्या का मुकदमा

कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा ने कलेक्टर से तत्काल चर्चा कर दोषियों पर प्रकरण दर्ज कराने और मृतक को मुआवजा दिलाने की मांग की है। कांग्रेस ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इस लापरवाही और मानव जीवन के प्रति उदासीनता को नहीं रोका गया,तो वे सख्त रुख अपनाएंगे और आंदोलन करेंगे।

### कांग्रेस की मुख्य मांगें

मृतक के परिवार को तुरंत 50 लाख रुपये का मुआवज़ा दिया जाए और एक आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाए। परियोजना से जुड़े ठेकेदार,इंजीनियर और जिम्मेदार अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। सभी चल रहे प्रोजेक्ट्स में सुरक्षा मानकों की तुरंत और सख्त जांच कराई जाए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सतना में मानव जीवन की कीमत पर सरकारी परियोजनाएं चल रही हैं। यह हादसा व्यवस्था की विफलता और सत्ता की संवेदनहीनता को दर्शाता है। क्या प्रशासन अब भी नींद से जागेगा,या किसी और गरीब मजदूर की बलि का इंतज़ार करेगा? क्या नगर निगम प्रशासन और ठेकेदार पर हत्या का मुकदमा दर्ज होगा,या यह मामला भी केवल कुछ लाख रुपये के मुआवजे पर रफा-दफा कर दिया जाएगा?

## खबर संक्षेप

### मैहर में आंधी-तूफान से यात्री पंडाल गिरे, रेलवे चौराहा बना गंदे पानी का तालाब

**मैहर।** शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन मां शारदा धाम मैहर में तेज आंधी-तूफान ने मेले की व्यवस्थाओं को बुरी तरह प्रभावित किया। सुबह लगभग साढ़े चार बजे तेज हवा की चपेट में आकर यात्रियों के ठहरने के लिए बनाए गए कई अस्थायी पंडाल धराशायी हो गए। गनीमत यह रही कि समय रहते श्रद्धालु सुरक्षित बाहर निकल आए,जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। प्रशासन और मेला समिति ने तुरंत मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त ढांचे को हटाने और वैकल्पिक, सुरक्षित इंतजाम करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ,रेलवे स्टेशन के सामने का चौराहा भारी बारिश के कारण गंदे पानी के तालाब में तब्दील हो गया। अतिक्रमण के कारण नालियों से पानी न निकल पाने के कारण पूरे चौराहे में दो फुट तक गंदा पानी भर गया। इससे दर्शनार्थियों को निकलने में भारी फजीहत हुई और वाहनों के निकलने से उनके कपड़े व सामान खराब होते रहे। यह समस्या कई वर्षों से बनी हुई है,जो प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है, खासकर लाखों श्रद्धालुओं के इस सैलाब के दौरान।

### मैहर में सरकारी इंतजाम बेहालः मेडिकल बोर्ड से चार डॉक्टर लापता, दिव्यांगजन परेशान

**मैहर।** सरकारी इंतजामात की एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है,जहाँ दिव्यांगजनों के लिए आयोजित मेडिकल बोर्ड की बैठक से चारों विशेषज्ञ डॉक्टर नदारद रहे। हर गुरुवार को होने वाली इस बैठक का समय सुबह 10बजे से शाम 4 बजे तक तय था,लेकिन दोपहर 3 बजे तक भी कुर्सियाँ खाली रहीं। डॉ.ज्ञानेश गौतम,डॉ.राहुल दुबे,डॉ.सुजीत मिश्रा और डॉ.संजय शुक्ला जैसे विशेषज्ञ चिकित्सक कागजों में मौजूद थे,पर कुर्सियों पर गायब रहे। दूर-दराज के गाँवों से बैसाखी,व्हीलचेयर या परिजनों के सहारे शिविर स्थल पर पहुंचे सैकड़ों दिव्यांगजन घंटों इंतजार करते रहे। एक बुजुर्ग महिला ने तो मायूस होकर रो दिया,सुबह से भूखे बैठे हैं,पर यहां कोई पूछने वाला नहीं। प्रमाण पत्र और इलाज की आस में आए लोग खाली हाथ और भारी मन से लौटने को मजबूर हुए। इस पूरे मामले में प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन ने चुप्पी साधे रखी,जिससे सरकारी व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। जनता पूछ रही है कि क्या मेडिकल बोर्ड सिर्फ कागजों पर होता है और क्या दिव्यांगजन आज भी दूसरे दर्जे के नागरिक हैं।

## प्रसाद विक्रेता द्वारा अड़ीबाजी पर मैहर पुलिस एवं प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

**मैहर।** मैहर स्थित माँ शारदा देवी मंदिर परिसर में प्रसाद विक्रेता गोपाल परसाद भण्डार पर आज मैहर पुलिस और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई दुकान के संचालक द्वारा एक यात्री से अभद्रता,गालीगलौज,धमकी देने और प्रसाद खरीदने का दबाव बनाने की शिकायत के बाद हुई। जाँच में चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई कि यूसुफ खान नामक व्यक्ति गोपाल परसाद भण्डार के नाम से अपनी पहचान छुपाकर दुकानदारी कर रहा था। यह दुकान ज्योति गौतम ने यूसुफ खान को किराए पर दी थी। यात्री की शिकायत पर आज सुबह 9.30 बजे रिपोर्ट दर्ज की गई,जिसके बाद मामले में अब तक दो गिरफ्तारियाँ हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त,आज शाम पुलिस एवं प्रशासन के दल-बल ने मौके पर पहुंचकर दुकान को सील करने की कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान मैहर एसडीएम दिव्या पटेल, सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान,तहसीलदार जितेंद्र पटेल,मैहर थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी,चौकी प्रभारी अरविंद द्विवेदी सहित मंदिर समिति के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। यह सख्त कदम यात्रियों की सुरक्षा और मंदिर परिसर में शांति बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

## उचेहरा पुलिस को बड़ी सफलताः 5 माह से गुम नाबालिक बालिका दस्तयाब

**उचेहरा।** पुलिस को 5 महीने से लापता एक नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में,थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश मिश्रा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। फरियादी रज्जन कोल ने अपनी बेटी के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी,जिसके बाद थाना उचेहरा में अपराध क्र.115/25 धारा 137(2) बी एन एस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने संभावित स्थानों पर सघन तलाश की,और आखिर बालिका को दस्तयाब कर लिया गया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि वह घर से नाराज होकर नासिक चली गई थी और उसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की बात झूठी निकली। पुलिस अधीक्षक द्वारा उसकी तलाश के लिए 5000 का इनाम भी घोषित किया गया था।इस सराहनीय कार्य में उप निरीक्षक रामअवतार पटेल,प्रधान आरक्षक रामकरण प्रजापति और चालक छोटेलाल की अहम भूमिका रही।

## श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी में किया गया अन्तर्राष्ट्रीय फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन

**सतना।** श्री रावतपुरा सरकार संस्थान श्रृंगारवन चित्रकूट अन्तर्गत संचालित श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी में 25 सितम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ.रणधीर सिंह एवं संस्थान के निदेशक रामपाल सिंह द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। निदेशक द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया गया व सॉल,श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा पोस्टर प्रेजेन्टेशन,मॉडल प्रेजेन्टेशन व रंगोली आदि में प्रतिभागिता की गयी एवं अपने-अपने प्रेजेन्टेशन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी व छात्रों द्वारा फार्मासिस्ट डे से सम्बन्धित अनेकानेक प्रस्तुतियां दी गयीं तथा फार्मासिस्ट के महत्व को समझाया गया। सभी प्रस्तुतियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों छात्रों को प्रमाण-पत्र व मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।निदेशक ने सभी छात्रों को विश्व फार्मासिस्ट डे की थीम' Think Health, Think Pharmacist ' को विस्तारपूर्वक वर्णन किया व सभी को शुभकामनाएं देते हुए सभी का धन्यवाद कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में निदेशक द्वारा समस्त फार्मेसी स्टॉफ व कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पाठ्यक्रमों के कार्मचारियों का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम संचालक श्रीमती सपना तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान फार्मेसी छात्रों के साथ-साथ संस्कृत विद्यालय,बी.एड.,डी.एल.एड. व एम.एड. के छात्रों की व संस्थान के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## शारदेय नवरात्रि पर मारवाड़ी समाज का सेवा कार्य, आश्रम के बच्चों को दी सामग्री

**सतना।** शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर और श्री श्री 1008 श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में,मैहर मारवाड़ी समाज ने सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। समाज के सदस्यों ने श्री राम बनवासी कल्याण आश्रम,महदेवा,सतना का दौरा किया और वहाँ रहने वाले 35 बच्चों के लिए उपयोगी सामग्री प्रदान की। समाज ने बच्चों के लिए तकिया,मच्छरदानी,बिस्कुट,बैठने के लिए टाटपट्टी, और भोजन बनाने हेतु स्टील का गंज भेंट किया। इस नेक पहल में मारवाड़ी समाज के उपाध्यक्ष राम अवतार चमड़िया,मंत्री पवन चमड़िया,संदीप चमड़िया,कनिष्ठ सह मंत्री संदीप अग्रवाल दीपू,मुकेश गुप्ता,विनोद गर्ग,दीपक खेमका,डॉली चमड़िया,ज्योति चमड़िया,सुधीर खेमका,विनोद चमड़िया, पंकज कानोड़िया,महेश खेमका,घनश्याम सोनी,बसानी जी सहित कई सदस्य उपस्थित थे। यह कार्य समाज की सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना को दर्शाता है,जिसके माध्यम से उन्होंने वंचित बच्चों के जीवन में थोड़ी खुशियाँ लाने का प्रयास किया।



## नागौद पुलिस को मिली सफलताः दो गुम नाबालिक बालिकाएँ दस्तयाब, परिजनों को सुपुर्द

**सतना।** नागौद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है,जहाँ उन्होंने दो अलग-अलग मामलों में गुम हुई नाबालिक बालिकाओं को दस्तयाब कर उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशानुसार,थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। पहले मामले में दर्ज अपराध क्र. 620/25 (धारा 137(2) बीएनएस) के तहत एक बालिका की तलाश की जा रही थी जो घर से लापता हो गई थी। दूसरे मामले में दर्ज अपराध क्र. 699/25 (धारा 137(2) बीएनएस) के तहत 21/09/25 को लापता हुई एक अन्य बालिका की खोज की जा रही थी। दोनों मामलों में परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस टीम ने विवेचना कर दोनों गुमशुदा बालिकाओं को सफलतापूर्वक दस्तयाब कर लिया और आवश्यक पूछताछ के बाद उनके परिजनों को सुपुर्द किया।इस कार्य में निरीक्षक अशोक पाण्डेय,उप निरीक्षक सत्यकीर्ति सिंह,मुनेश भारती सहित कई पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

## 'विश्व की समस्याओं का समाधान हिंदुत्व और सनातन में'

### पं.दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर विचार गोष्ठी संपन्नः

**सतना।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने पंडित जी के 'एकात्म मानववाद' के दर्शन और उनके जीवन-मूल्यों को अपनाने पर ज़ोर दिया।



### 'विश्व की समस्याओं का समाधान हिंदुत्व और सनातन में' – सांसद जनार्दन मिश्रा

मुख्य वक्ता रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत महज़ ज़मीन का टुकड़ा नहीं,बल्कि भारत माता के रूप में अस्तित्व रखता है। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि विश्व की समस्त समस्याओं का समाधान हिंदुत्व और सनातन में निहित है और केवल हिंदुत्व ही विश्व कल्याण की कल्पना कर सकता है। सांसद मिश्रा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के राष्ट्र सर्वोपरि और मैं नहीं,हम के भाव से प्रेरित एकात्म मानववाद की संकल्पना को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि पंडित जी ने शरीर,मन,बुद्धि,आत्मा और धर्म की व्याख्या के साथ भारतीय जीवन मूल्यों की जो संकल्पना प्रस्तुत की,वह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। उन्होंने पंडित जी को एक संघ प्रचारक के साथ-साथ जनसंघ और बाद में भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक बताया।

### 'मोदी जी के नेतृत्व में दीनदयाल के सपने हो रहे साकार' – पं.भगवती प्रसाद पाण्डेय

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष पं.भगवती प्रसाद पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलते हुए उनके सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत स्वावलंबी बनकर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। यह उपलब्धि गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन को सुखी और समृद्ध बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### 'एकात्मक मानववाद को समझना,भाजपा को समझना' – प्रतिमा बागरी

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि पंडित दीनदयाल का एकात्म मानववाद ही भारतीय जनता पार्टी की आत्मा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इसी विचारधारा को साकार करते हुए गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। आयुष्मान ,उज्जवला,किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री आवास जैसी सैकड़ों योजनाएं इसी अंत्योदय (गरीब के उत्थान) दृष्टिकोण का परिणाम हैं।

### कार्यक्रम का संचालन एवं उपस्थिति

कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री रमाकांत गौतम ने किया,जबकि आभार सेवा पखवाड़ा संयोजक ऋषभ सिंह ने व्यक्त किया।इस अवसर पर मंच पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा बागरी,मुख्य वक्ता सांसद जनार्दन मिश्रा,अध्यक्ष पं.भगवती प्रसाद पाण्डेय के साथ-साथ जिला संगठन प्रभारी डॉ.अभय प्रताप सिंह यादव,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार,प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद कुशवाहा,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र त्रिपाठी,विनोद तिवारी,नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी,जिला महामंत्री ऋषभ सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं लीला उर्मलिया,मुरलीधर मिश्रा,पंडित विद्या प्रसाद दुबेदी,रामौतार दद्दा,डॉ दुर्गा निगम,अरविंद सिंह का शाल और श्रीफल से स्वागत भी किया गया।

## 'अभिमन्यु-03' अभियानः लैंगिक समानता और सम्मान पर जागरूकता

**सतना।** 'अभिमन्यु-03' अभियान के तहत सतना जिले में व्यापक जागरूकता फैलाई गई। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर,महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्वेता मौर्या ने अपनी टीम के साथ सिविल लाइन,बस स्टैंड और ऑटो टैक्सी स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता शिविर आयोजित किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पुरुषों में लैंगिक समानता,एक-दूसरे के प्रति सम्मान,और महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना है। शिविर में बालकों को बालिकाओं से संबंधित सामाजिक,नैतिक,मनोवैज्ञानिक और कानूनी ज्ञान देकर जागरूक किया गया। साथ ही,अपराधों की जानकारी और उनके दुष्परिणाम बताए गए,तथा समाज में व्याप्त अश्लीलता को दूर कर शिक्षा पर जोर देने का आह्वान किया गया।इस शिविर में करीब 350 छात्र-छात्राएं और शिक्षकगण उपस्थित रहे, जिन्हें शपथ भी दिलाई गई। सार्वजनिक स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाकर भी लोगों को इस महत्वपूर्ण अभियान के बारे में जागरूक किया गया।

## राष्ट्रीय फार्मासिस्ट दिवस पर एकेएस विश्वविद्यालय में भव्य आयोजन



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय,सतना के फैकल्टी ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी में राष्ट्रीय फार्मासिस्ट दिवस पर दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम हुआ। प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।डॉ.सूर्य प्रकाश गुप्ता,डॉ.महेंद्र तिवारी,प्रियंका बागरी,बृजेंद्र सोनी, डॉ. मधु गुप्ता सहित स्टाफ उपस्थित रहे। 24 को भाषण-प्रश्नोत्तरी तथा 25 को पोस्टर,रंगोली,मॉडल व फार्मा मार्केटिंग प्रतियोगिताएं हुईं। नेत्र जांच (डॉ.एकता बड़वानी),दंत जांच (डॉ. साक्षी मनवानी), पैथोलॉजी व डाइटिशियन जांच (डॉ. पूर्वी मोगिया) संपन्न हुईं। 'आर एक्स' श्रृंखला व शपथ के साथ समापन हुआ। सहयोगः प्रभाकर तिवारी,नेहा गोयल,नीलम सिंह,शुभम शुक्ला,आशुतोष जैन,डॉ. तारू दुबे,भूपेंद्र पांडेय,ऋषिराम त्रिपाठी,प्रदीप सिंह,सुमित पांडेय,जया गौतम,कशिश सोनी,ऋतिका दुबे, शुभम गुप्ता।

**खबर संक्षेप**

## रोजगार व स्वरोजगार से संबंधित प्रकरणों का निराकरण करें - कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद ने बैंक अधिकारियों व विभागीय अधिकारियों से कहा है कि समन्वय बनाकर टीम भावना के साथ सकारात्मक सोच रखते हुए रोजगार व स्वरोजगार के हितग्राहियों को लाभ प्रदान करें। उन्होंने कहा कि युवाओं के रोजगार के प्रकरणों तथा हितग्राहियों के शासकीय योजनाओं से लाभ प्राप्त करने वाले प्रकरणों में तत्परता से स्वीकृति देकर वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर कार्यालय में बैंकर्स व विभागीय अधिकारियों की बैठक में कमिश्नर ने कहा कि अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में रीवा में संभागीय रोजगार मेले का आयोजन प्रस्तावित है। रोजगार मेले में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में रोजगार व स्वरोजगार के प्रकरणों की स्वीकृति के उपरांत हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से रोजगार व स्वरोजगार के हितग्राही अपने पैरों पर खड़े हो पाने सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी योजनाओं के प्रकरण बैंकों में प्रस्तुत करते हुए प्रो एक्टिव होकर स्वीकृत कराने का कार्य करें साथ ही बैंकर्स प्रस्तुत प्रकरणों को स्वीकृति दें ताकि सभी प्रकरणों में लाभान्वितों को मुख्यमंत्री जी की उपस्थिति में हितलाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों में कुछ कमियाँ हैं उन्हें दूर कराकर स्वीकृत करें। अनावश्यक प्रकरणों में विलंब व प्रकरणों के लौटाए जाने की कार्यवाही न करें। कमिश्नर ने कहा कि रोजगार मेले में 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। महिला स्वसहायता समूहों के बैंक लिंकेज व ऋण अनुदान के प्रकरण लक्ष्य के अनुरूप दर्ज करें। मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि योजना सहित अन्य योजनाओं से स्वीकृत ऋण प्रकरणों में ऋण राशि का वितरण रोजगार मेले में किया जाएगा। सभी संभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ जिला अधिकारियों से समन्वय बनाकर लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें ताकि रोजगार मेले में हितग्राहियों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि संभाग स्तर पर गूगल शीट के माध्यम से बैंक के ब्रांचवार प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में यूनियन बैंक के डीजीएम अजय खरे ने कहा कि स्वसहायता समूह के सभी प्रकरणों तथा अन्य शासकीय योजनाओं के प्रस्तुत प्रकरणों का तत्परता से स्वीकृति देकर वितरण के कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि रोजगार मेले के आयोजन के पूर्व प्रस्तुत प्रकरणों में स्वीकृति दिला दी जाएगी जिससे अधिक से अधिक संख्या में हितग्राहियों को रोजगार मेले में रोजगार मिल सके। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, उपायुक्त एलएल अहिरवार, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी सहित संभाग के जिलों के अग्रणी जिला प्रबंधक तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जमीन के दस्तावेज बने पेचीदा मसला, मुआवजे को लेकर असमंजस

# शहर के सिरमौर चौक से अस्पताल चौराहे तक 200 से अधिक निर्माण आए निशाने पर, प्रशासन तैयार कर रहा है सूची

**रीवा। शहर के सिरमौर चौक से लेकर अस्पताल चौराहे तक की सड़क को चौड़ा करने की प्रक्रिया एक बार फिर से रफ्तार पकड़ रही है। प्रशासन ने इस बार अतिक्रमण हटाने की ठोस योजना बनाते हुए राजस्व और नजूल विभाग को फील्ड पर उतार दिया है। हाल ही में पूरे मार्ग का सर्वे पूरा कर लिया गया है, जिसमें करीब 1.5 से 3 मीटर तक अतिक्रमण दर्ज किया गया है।**






इस कार्रवाई की जद में 250 से अधिक दुकानें और मकान आ रहे हैं। बता दे सर्वे के दौरान यह बात सामने आई है कि अमहिया गल्ला मंडी से लेकर छोटी दरगाह तक बड़ी संख्या में ऐसे मकान और दुकानें हैं, जिनके पास जमीन से जुड़े राजस्व दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। कई कब्जेदारों का कहना है कि यह बसाहट कई दशक पुरानी है, लेकिन अब तक वे ज़मीन के मालिकाना हक़ से जुड़े प्रमाण नहीं जुटा पाए हैं।प्रशासन की मानें तो अधिकांश व्यापारियों ने पहले अपने मकान बनाए और फिर सड़क की ओर दुकानों का निर्माण कर भूखंड की सीमा से आगे बढ़कर अतिक्रमण कर लिया। नगर निगम के रिकॉर्ड भी स्पष्ट नहीं हैं, जिससे मुआवजे के निर्धारण में बाधाएं आ रही हैं। संभावित कार्रवाई से प्रभावित क्षेत्र के व्यापारियों और रहवासियों में भारी चिंता का माहौल है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन कार्रवाई करता है तो पहले मुआवजे की स्पष्ट नीति बनाई जानी चाहिए, ताकि बेदखल होने के बाद वे खुद को आर्थिक रूप से संभाल सकें।

### सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के सामने जमीन पर अधिक विवाद

सर्वे के दौरान प्रशासन को सबसे अधिक परेशानी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के सामने स्थित दुकानों और मकानों के मामले में आई। यहां के अधिकतर दुकानदारों और रहवासियों के पास न तो वैध पट्टे हैं, न ही जमीन के स्पष्ट रिकॉर्ड। ऐसे में यदि अतिक्रमण हटाने के बाद मुआवजा देने की जरूरत पड़ी, तो प्रशासन को निर्णय लेने में दिक्कत हो सकती है। प्रशासन ने इस चुनौती से निपटने के लिए नजूल के दशकों पुराने दस्तावेजों की छानबीन शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही सूची को अंतिम रूप मिलेगा, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी।

### दरगाह तक फैला अतिक्रमण, मुसाफिर खाना की दुकानों पर भी कार्रवाई तय

अतिक्रमण की यह स्थिति अमहिया नाला से गल्ला मंडी होते हुए छोटी दरगाह तक देखी गई है। यहां मुसाफिर खाना के सामने की कई दुकानें भी अतिक्रमण की जद में चिन्हित की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन सभी दुकानों को भी हटाने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

### 7 मीटर सड़क 18 मीटर होगी चौड़ी

अमहिया रोड की चौड़ाई को 7 से 8 मीटर के करीब है। जिसमें सिरमौर चौराहा से अमहिया नाला तक की सड़क को 18 मीटर चौड़ा किया जाएगा। अमहिया नाला से गल्ला मंडी गुरुद्वारा तक सड़क 15 मीटर चौड़ी की जाएगी। गल्ला मंडी से अस्पताल चौराहा तक 18 मीटर तक चौड़ीकरण का काम किया जाएगा। इसी के हिसाब से दुकानों और मकानों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# परिवहन विभाग ने ओवर स्पीडिंग और ओवर लोडिंग के लिए 36 वाहनों पर की सख्त चालानी




**रीवा** जिले में परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से माननीय परिवहन आयुक्त महोदय के आदेशानुसार एक विशेष अभियान चला रखा है । इस अभियान के तहत आज ओवरस्पीडिंग,बिना स्पीड गवर्नर एवं ओवरलोडिंग के उल्लंघन करने वाले 36 वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। विभाग ने चालान जारी कर भारी जुर्माना लगाया तथा कुछ वाहनों को जब्त भी कर लिया।

परिवहन विभाग के ने बताया कि यह कार्रवाई राष्ट्रीय राजमार्गों और शहर की प्रमुख सड़कों पर की गई। अभियान के दौरान मुख्य रूप से बस ट्रक, डंपर और अन्य भारी वाहनों पर नजर रखी गई। ओवरस्पीडिंग के कारण सड़क हादसों की संख्या में वृद्धि हो रही है, जबकि ओवरलोडिंग से सड़कों को नुकसान पहुंच रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई है l इस अभियान में कुल 36 वाहनों पर चालान जारी किए गए, जिनमें से 14 यात्री वाहन ओवरलोडिंग के दोषी पाए गए। दोषी चालकों को चेतावनी दी गई है कि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराने पर लाइसेंस निलंबन और वाहन जब्ती जैसी सख्त कार्रवाई होगी। एक वाहन को तत्काल जब्त कर लिया गया, क्योंकि उसमें ज्यादा सांवरिया बैठी पायी गई l परिवहन विभाग ने कहा है की , ₹सड़क सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। हम आगे भी ऐसे अभियान चलाएंगे, ताकि नागरिकों का जीवन



सुरक्षित रहे। विभाग ने चालकों से अपील की है कि वे गति सीमा का पालन करें और वाहनों का निर्धारित भार ही लोड करें। 17 वाहनों को गति सीमा से अधिक स्पीड में चलते पाए जाने पर उनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई l साथ ही 5 वाहनों का स्पीड गवर्नर भी सही नहीं पाया गया जिनके खिलाफ भी चालान बनाए गए l यह कार्रवाई आरटीओ रीवा के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड़ के द्वारा की गई ।

# रीवा भाजपा की नई जिला कार्यकारिणी घोषित, विवादित नामों पर उठे सवाल

### इस बार कार्यकारिणी में युवाओं को मिली जगह, पांच महिलाएं भी शामिल

**रीवा।** लंबे इंतजार के बाद भारतीय जनता पार्टी ने रीवा जिले की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। बुधवार देर रात जारी हुई 19 सदस्यीय इस सूची को लेकर लंबे समय से सियासी मंथन चल रहा था। आखिरकार जिलाध्यक्ष की सिफारिश पर अंतिम मुहर लगी। हालांकि कई नामों को लेकर पार्टी के भीतर मतभेद और असहमति की खबरें भी सामने आ रही हैं,नई कार्यकारिणी में शहर केंद्रित चेहरों का दबदबा साफ दिखाई दे रहा है। वहीं, पार्टी ने संगठनात्मक संतुलन बनाने के लिए पांच महिलाओं को भी स्थान दिया है। सूची में शामिल अधिकांश पदाधिकारी वर्तमान में सत्ता के करीब माने जा रहे चेहरों से ताल्लुक रखते हैं। खासतौर पर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल से नजदीकी रखने वाले नेताओं को तरजीह दी गई है। दूसरी ओर, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सिंह के समर्थक नेताओं को इस बार खास तवज्जो नहीं दी गई, जिससे उनके खेमे में नाराज़गी की चर्चा भी गर्म है।

### विवादों में रहे चेहरों को भी मिली जिम्मेदारी

इस बार पार्टी ने संगठन विस्तार में कुछ ऐसे नामों को भी शामिल किया है, जो अतीत में विभिन्न विवादों से जुड़ चुके हैं। इनमें सबसे चर्चित नाम डभौरा सहकारी बैंक से जुड़े सेंडीज घोटाले के आरोपी बाबूलाल यादव का है, जिन्हें जिला मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा है कि बाबूलाल को गुढ़ क्षेत्र के विधायक के समर्थन से सूची में स्थान मिला है। इसी तरह, पूर्व में सिरमौर जनपद सीईओ से मारपीट विवाद के चलते सुर्खियों में आए मनीष शुक्ला को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, सिरमौर जनपद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास



प्रस्ताव के दौरान चर्चा में आए रविराज विश्वकर्मा को भी जिला मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा विवादों से जुड़ी रहीं एक निजी अस्पताल संचालिका कल्पना पटेल को भी संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

### कई पुराने नेताओं को नहीं मिली जगह

भाजपा की नई जिला टीम में कई वरिष्ठ और पुराने कार्यकर्ताओं को इस बार बाहर कर दिया गया है। इसके विपरीत, कुछ ऐसे नए चेहरों को मौका दिया गया है, जो हाल ही में पार्टी से जुड़े हैं या फिर विधायक समर्थित माने जा रहे हैं। इससे संगठन के भीतर अंदरूनी खींचतान की आशंकाएं भी जताई जा रही हैं।

### नई कार्यकारिणी में ये हैं प्रमुख नाम

उपाध्यक्ष – प्रयोध व्यास, मनीषा पाठक, अशोक सिंह गहरवार, शरद साहू, राजेश प्रताप सिंह, मनीषचंद शुक्ला, संध्या कोल।
महामंत्री – उमाशंकर पटेल, विवेक गौतम, जीवनलाल साकेत।
जिला मंत्री – कल्पना पटेल, रविराज विश्वकर्मा, प्रणेश ओझा, गीता माझी, बृजेन्द्र गौतम, सुमन शुक्ला, बाबूलाल यादव।
कोषाध्यक्ष – वासुदेव ठारवानी।
सह कोषाध्यक्ष – अलख नारायण केसरवानी।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 6.40 लाख की ठगी



### पीड़ित ने रीवा आईजी जोन से लगाई न्याय की गुहार

**रीवा ।** सिंगरौल जिले के मोरवा निवासी मोहम्मद शाहीन श्याम राज सिंह ने नौकरी दिलाने के नाम पर 6 लाख 40 हजार रुपये की ठगी का सनसनीखेज आरोप लगाते हुए आईजी रीवा जोन, डीआईजी रीवा जोन सहित संभागीय कमिश्नर से न्याय की गुहार लगाई है। शाहीन का आरोप है कि कलिंगा कंपनी के क्लस्टर हेड विकास मिश्रा और उसके सहयोगियों ने उन्हें एक प्रतिष्ठित पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर यह रकम वसूली। आरोप है कि यह सारा फर्जीवाड़ा दीपक श्रीवास्तव के माध्यम से किया गया, जिसने रकम को मिश्रा के साथियों के खातों में ट्रांसफर करवाया। शाहीन ने जब संदेह के आधार पर असली प्रशांत श्रीवास्तव से संपर्क किया, तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ जिस व्यक्ति के नाम से नियुक्ति की बात की जा रही थी, वह पूरे घटनाक्रम से अनजान था। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि विकास मिश्रा ने कलेक्टर को भेजा गया उनका शिकायत पत्र गायब करवा दिया, जिससे जांच की प्रक्रिया प्रभावित हो सके। इसके साथ ही, मिश्रा के सहयोगी आशीष चौबे द्वारा उन्हें धमकाया जा रहा है और मिलने से रोका जा रहा है। शाहीन ने आरोप लगाया कि उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। पीड़ित ने मामले में उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच, ठगे गए पैसों की वसूली और अपनी जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे अपने परिवार के साथ सिंगरौल कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने धरने पर बैठने को मजबूर होंगे।

# हिन्दू धर्म पर अभद्र टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** हिन्दू धर्म और देवी-देवताओं के विरुद्ध अभद्र टिप्पणियां करने वाले आरोपी को गोविंदगढ़ पुलिस ने मंगलवार की रात गिरफ्तार कर लिया। मामला धार्मिक भावनाओं को आहत करने से जुड़ा है, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। बता दे घटना मंगलवार रात लगभग 8 बजे की है, जब महेंद्र साकेत पिता स्व. भगवानदीन साकेत, उम्र 50 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 08, गोविंदगढ़, स्थानीय घुचियारी तिराहा स्थित पान दुकान के पास खड़ा होकर हिन्दू धर्म और देवी-देवताओं को लेकर आपत्तिजनक और अशोभनीय भाषा का प्रयोग कर रहा था। इस दौरान आरोपी द्वारा खुलेआम गाली-गलौज की गई, जिससे वहां मौजूद लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं।

# पत्नी के प्रेम प्रसंग से तंग पति पहुंचा एसपी ऑफिस, प्रेमी से विवाह कराने की लगाई गुहार



**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत गंगानगर मोहल्ले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक पति ने अपनी पत्नी के प्रेम प्रसंग से परेशान होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अनोखी गुहार लगाई। पति ने न केवल अपनी पत्नी की उसके प्रेमी से शादी कराने की अनुमति दी है, बल्कि पुलिस से आग्रह किया है कि उसका इकलौता बेटा उसे वापस दिलाया जाए। पीड़ित युवक अंकुश सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2019 में लक्ष्मी नामक युवती से हुई थी। इस वैवाहिक संबंध से तीन बच्चे हैं। हालांकि, पिछले कुछ माह से लक्ष्मी का मोहल्ले में ही रहने वाले राजीव नामक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पति के अनुसार, इस संबंध की जानकारी पहले भी परिवार को हो चुकी थी और उसने पत्नी को कई बार समझाने का प्रयास किया, मगर वह नहीं मानी। हालात तब बिगड़े जब 20 सितंबर की शाम लक्ष्मी अपने प्रेमी राजीव के साथ घर से भाग गई। वह जाते समय घर के गहने-जेवर और अन्य कीमती सामान के साथ उनका इकलौता बेटा भी अपने साथ ले गई। इस घटना के बाद से अंकुश मानसिक रूप से बेहद परेशान है एसपी कार्यालय में दिए आवेदन में अंकुश ने कहा मुझे अपनी पत्नी के प्रेमी से विवाह करने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन मेरा बेटा मुझे लौटा दिया जाए। वह मेरे जीवन का एकमात्र सहारा है। फिलहाल सिटी कोतवाली पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रीवा जिला न्यायालय 29 सितंबर से अब नवीन भवन से होगा संचालित

**रीवा।** रीवा जिले के न्यायिक इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। लंबे समय से प्रतीक्षित जिला न्यायालय का स्थानांतरण अब पूर्ण हो चुका है। आगामी 29 सितंबर से जिला न्यायालय सहित अधीनस्थ समस्त न्यायालयों का संचालन नवीन न्यायालय भवन से किया जाएगा। यह भवन शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने भव्य रूप में निर्मित किया गया है। स्थानांतरण से संबंधित समस्त कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है और न्यायालय प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी पक्षकार, अधिवक्ता या आम नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नवीन भवन से न्यायिक कार्य शुरू होने के बाद व्यवस्थित संचालन, सुविधाजनक पहुँच, और दैनिक न्यायिक कार्यों में दक्षता की उम्मीद की जा रही है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि नए परिसर से न्यायिक कार्यों के संचालन से न्याय प्रणाली और अधिक प्रभावी होगी। इस परिवर्तन से विचाराधीन प्रकरणों में शामिल पक्षकार, गवाह, अधिवक्ता और अन्य संबंधित व्यक्तियों को अब नए न्यायालय भवन में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। 95.93 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह अत्याधुनिक न्यायालय परिसर कुल तीन ब्लॉक्स में विभाजित है। इसका डिजाइन और निर्माण कार्य ऐसा किया गया है कि यह आने वाले कई दशकों की जरूरतों को पूरा कर सके। जिसमे 40 कोर्ट रूम न्यायाधीशों के लिए आधुनिक चेंबर सहित 294 अधिवक्ता चेंबर अधिवक्ताओं के लिए अलग ब्लॉक 36 बैठक हॉल बैंक एटीएम, पोस्ट ऑफिस और मेडिकल सुविधाएं ड्राइवरों एवं पक्षकारों के लिए विश्राम कक्ष और बैठक व्यवस्था, न्यायालय परिषद अधिवक्ता, पक्षकार, गवाह एवं अन्य आगंतुकों की सभी जरूरतों को ध्यान में रखकर निर्मित किया गया है।

# लोक गायिका राखी द्विवेदी का प्रबुद्धजनों ने किया सम्मानित



**मऊगंज।** बहुत कम समय में अपने लगन और प्रतिभा से गायिकी क्षेत्र में अपना परचम फहराने वाली राखी द्विवेदी जिसके गायन प्रतिभा से प्रभावित होकर प्रदेश के मुखिया मोहन यादव से पुरुस्कृत होकर देश भर में चर्चित हुई।उनको सम्मानित करने के लिए नवरात्रि के पावन पर्व पर मऊगंज का जिला विकास संघर्ष परिषद के सदस्य उनके गृह निवास ग्राम जमुई जा पहुंचकर परिषद संयोजक संतोष मिश्रा एडवोकेट के अगुवाई में कुछ प्रबुद्धजन भी मौजूद रहे।राखी द्विवेदी को सम्मानित करते हुए संतोष मिश्रा जी चुनरी के साथ फूलों का गुलदस्ता देते हुए अभिनंदन पत्र का बाचन किया। इस दौरान राखी के बाबा जी रिटायर्ड प्राध्यापक रत्नेश्वर द्विवेदी, पिता हरिकिशन भाई ज्ञानेन्द्र द्विवेदी के साथ साथ वरिष्ठ साहित्यकार रामनिश्चय मिश्रा, कर्दभ ऋषि, सूर्यमणि शुक्ला, वाई एन द्विवेदी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष हरिहर प्रसाद शुक्ला, प्रकाश मिश्रा, संतोष अवधिया, अभिलाष सोनी एवं विद्याचरण शुक्ला की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

### न्यायाधीशगणों द्वारा किया गया बालकों को जागरूक

**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौड तथा न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में आदर्श मॉडल स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि सुधीर सिंह राठौड ने बच्चों को लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि पाक्सो अधिनियम में बालक/बालिकाओं के यौन शोषण करने वाले अपराधियों के लिये 3 वर्ष से लेकर मृत्युदण्ड तक का प्रावधान है।
सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र ने कहा कि बालको की सुरक्षा एवं सुरक्षित वातावरण में उनका विकाश होना समाज का दायित्व है।

# नईगढ़ी नगर परिषद के पार्षदों ने अध्यक्ष खिलाफ अविश्वास का बिगुल फूंका

**मऊगंज। जिले के नईगढ़ी नगर परिषद की राजनीति इस समय उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। नगर परिषद मे कुल 15 सदस्य में से 12 पार्षदों ने अध्यक्ष नागिता गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन कलेक्टर संजय कुमार जैन को सौंप गया था जिसमे आरोप लगाए गए थे कि अध्यक्ष जनहित के कार्यों में हीलाहवाली, वित्तीय अनियमितताओं में लिप्त रही हैं।**



पार्षदों का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी, बिना अनुमोदन कार्य, गरीबों को शासन की योजनाओं से वंचित करना और पार्षदों के साथ अनुचित व्यवहार करना, अध्यक्ष के स्वभाव का हिस्सा बन चुका है।कलेक्टर न्यायालय में 25 सितंबर को हुई सुनवाई में सभी पार्षद अपने शपथ पत्रों के साथ उपस्थित हुए। कलेक्टर ने सीएमओ हेमंत त्रिपाठी के द्वारा हस्ताक्षर सहित इन शपथ पत्रों का मिलान कर प्रस्ताव शासन को भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।इस घटनाक्रम के बाद यह लगभग तय माना जा रहा है कि नईगढ़ी नगर परिषद की सरकार अब अल्पमत में आ चुकी है और आने वाले दिनों में यहां की सियासी तस्वीर बदलना लगभग निश्चित है।